Title: Need to increase beds and ventilators for patients in Trauma Centre, AIIMS, Raipur in Chhattisgarh- Laid.

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): छतीसगढ़ राज्य के रायपुर मे संचालित एम्स अस्पताल मे बिस्तर एवं वेंटिलेटर की कमी होना बताकरअस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों को वापस कर दिया जाता है। जिससे गरीब मरीज निजी अस्पतालों मे जाने को मजबूर होते जा रहे है। जहां काफी धनराशि लगने के कारण छतीसगढ़ के लोगों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जो गरीब मरीज है उन्हें चिकित्सा के अभाव मे जान भी गंवानी पड़ रही हैं। ऐसी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए तत्काल रायपुर एम्स अस्पताल के ट्रामा सेंटर मे बिस्तर एवं वेंटिलेटर की संख्या बढ़ाए जाने की अति आवश्यकता है ताकि समस्या से निजात पाया जा सके। अत: माननीय मंत्री जी से पुन: आग्रह है, कि उक्त विषय को संज्ञान मे लेकर विभागीय जांच कराते हुए अतिशीघ्र रायपुर एम्स अस्पताल के ट्रामा सेंटर मे बिस्तर एवं वेंटिलेटर की कमी को पूरा करने हेतु विभाग को निर्देशित करें।